हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 सरकारी योजनाओं के लाभ को तरसा जरूरतमंद, कलेक्टर...



07 श्योपुर के मेडिकल कॉलेज को निजी हाथों में सौपने की तैयारी



खबर संक्षेप

अतिक्रमण हटाने की कर्रवाई, अवैध निर्माण बुलडोजर से जमींदोज

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी सागर के मार्गदर्शन में ग्राम पामाखेड़ी स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 552/1, 552/3 में एनएच की भूमि पर अवैध रूप से संचालित ढाबों के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। अवैध निर्माणों को बुलडोजर की सहायता से जमींदोज किया गया। संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार परसोरिया डॉ. राहुल गौड़, हल्का पटवारी पामाखेड़ी एवं पुलिस बल उपस्थित रहा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान संचालित दिलाई शपथ

सागर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बंडा एवं शाहगढ़ विकासखंड में नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत रैली निकाली गई, पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत मगरा, ग्राम पुरासहगढ़, ग्राम खटोरा कला दलपतपुर, ग्राम नेगुवां तहसील शाहगढ़, ग्राम पंचायत पलकाटोड़ एवं ग्राम पंचायत हिरपुर में किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण

सागर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम, आनंद आश्रम सागर में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान वृद्धजनों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर चेकअप भी किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों के लिए हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही आश्रम परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी हुआ। आश्रम में निवासरत वृद्धजनों एवं स्टाफ सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में रेडक्रॉस के चिकित्सक डॉ. विवेक जैन ने वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यकता नुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम प्रबंधन से अवधेश सेन, रेडक्रॉस सोसाइटी से रणधीर सिंह, केयरटेकर इजहार अहमद, देवेंद्र सेन एवं सुशीला सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

किसान कल्याण वर्ष में अन्नदाताओं को मिल रहीं नई सौगातें

बलराम कृषि महोत्सव में सीएम डॉ. मोहन यादव ने सागर के किसानों से वर्चुअली किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन तकनीक और सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब किसान वर्ष में एक बार ऋण चुका सकेंगे। आगामी फसल सीजन में दिन के समय 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर सागर जिले के किसानों से वर्चुअली जुड़कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पूरे बुंदेलखंड में विकास की नई संभावनाएं बनेंगी। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देकर किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मछली, बकरी और मुर्गी पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सोलर पंप और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया जा रहा है। खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था से किसानों को कतारों से राहत देने तथा कालाबाजारी रोकने की बात भी कही।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि किसान सम्मान निधि से किसानों को संबल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है।

नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।कलेक्टर प्रतिभा पाल ने किसानों से शासन की कृषक हितैषी एवं अनुदान योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम में श्याम तिवारी, एपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव, कृषि वैज्ञानिक सतीश परसाई, प्रगतिशील किसान आकाश चौरसिया सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



जन-जागृति संकल्प दिवस पर दिलाई शपथ

वैचारिक शुचिता बने व्यक्तित्व का अनिवार्य अंग : प्रो. वर्षा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं महिला एवं बाल विकास के तत्वावधान में 'नो एब्यूज डे' एवं जन-जागृति संकल्प दिवस पर जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशासनिक भवन के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी कुल पति प्रो. वर्षा शर्मा ने शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को नैतिक संकल्प दिलाया।

प्रो. शर्मा ने कहा कि वैचारिक शुचिता व्यक्तित्व का अनिवार्य अंग होना चाहिए। समाज में अभद्र भाषा, गाली-गलौज और दुर्व्यवहार जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को रोकने के लिए सकारात्मक सोच एवं सम्मान जनक व्यवहार को बढ़ावा देना जरूरी है। इस दौरान उपस्थितजनों ने अभद्र एवं अपमानजनक भाषा के प्रयोग से बचने, दूसरों का सम्मान करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

सागर जिले में नो एब्यूज डे एवं जन-जागृति संकल्प अभियान की संचालिका समाजसेवी डॉ. वंदना गुप्ता ने अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एनएसएस एवं बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों ने जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए। पोस्टरों में 'जागो और जगाओ, तुम नया सवेरा लाओ', 'मां, बहन, बेटी का सम्मान करें', 'गालियां बंद होनी चाहिए' और 'वैचारिक स्वच्छता अभियान' जैसे संदेश दिए गए।

कार्यक्रम में कुल सचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय, प्रो. डी.के. नेमा, प्रो. वंदना सोनी, डॉ. संध्या पटेल, प्रो. रणवीर सिंह, संयुक्त कुलसचिव संतोष सोहगौरा सहित विश्व विद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय निवेशकों की बैठक संपन्न

सागर। कलेक्टर के मार्गदर्शन में 17 सितंबर को जनवरी 2027 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय स्तर पर निवेशक संपर्क कार्यक्रम सागर परिक्षेत्र का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में किया गया। कार्यक्रम में सागर परिक्षेत्र के जिलों के उद्योग एवं व्यापार संघों के सदस्य, निवेशक, उद्यमी एवं स्टार्टअप्स शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को एमएसएमई विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विभागीय योजनाओं के संबंध में उनके सुझाव प्राप्त किए गए। निवेशकों द्वारा भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध एवं सुचारु बनाने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा निवेशकों के लिए हवाई एवं रेल कनेक्टिविटी बेहतर करने के सुझाव दिए गए। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं में मार्जिन मनी अनुदान का प्रावधान करने सहित अन्य सुझाव भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम में 15 निवेशकों से कुल 340 करोड़ रुपये के निवेश आशय प्रस्ताव प्राप्त हुए।



बिजली कम्पनी में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

सागर। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बिजली विभाग के विभिन्न कार्यालयों में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर एल.टी.एम.टी कार्यालय में विश्वकर्मा जी का विधिवत पूजन एवं हवन सम्पन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अभियंता एस.आर. येमदे, कार्यपालन अभियंता संजय गुप्ता, बीरेन्द्र परते सहायक अभियंता अजय नामदेव एस.पी. शुकला, डी.डी. कुर्मी, राजेश मेवाती, के.एल. साहू फेडरेशन के आर.आर. पाराशर महासघ से के.एल. रैकवार, रामविवेक गौतम, आर.के. दरयानी, लोकेश भारद्वाज सहित बडी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थें। इसके अलावा ट्रांसमिशन के मीटर परीक्षण संभाग, भण्डार, एम.टी. सहित विभिन्न कार्यालयों में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर हवन पूजन सम्पन्न हुआ।

रोजगार के लिए अध्ययन अध्यापन के साथ व्यवहारिक स्किल भी जरूरी है : डॉ सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय सागर में वाणिज्य विभाग के अंतर्गत 'रिफॉर्म्स इन लर्निंग प्रोसेस' विषय पर डॉ सरोज गुप्ता प्राचार्य के मार्गदर्शन में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ जी एल पुणतांबेकर पूर्व विभाग अध्यक्ष एवं डीन डॉ हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पढ़ने में क्या कमी है कि जो कुछ पढ़ते हैं वह याद नहीं रहता जबकि 20 साल पहले देखी हुई फिल्म हमें आज भी वैसे ही याद रहती है जैसी फिल्म में देखा था। अध्ययन करते समय केवल वही चीज हमें याद रहती है जो रुचि एवं न स्थिरता के साथ पढ़ी जाए। दुनिया का विज्ञान भी वाणिज्य से ही चल रहा है क्योंकि अर्थ के बिना शोध संभव नहीं है। शिक्षक की अपनी कमियां विद्यार्थियों में स्थानांतरित होती है ,पहले गूगल बाबा अकेला था अब ए आई और जी पी टी चैट जैसे अन्य प्लेटफार्म है जो हमारी सोचने समझने की क्षमता को समाप्त कर रहे हैं। यह सारे प्लेटफार्म हमें सुगमता तो देते हैं लेकिन सीखने की प्रक्रिया से बाहर कर देते हैं। जीवन में व्यावहारिक ज्ञान पढ़ाई करने की व्यवस्था से कहीं बेहतर है, शेयर बाजार पुस्तक के ज्ञान से नहीं चलती है बल्कि व्यवहारिक ज्ञान से चलते हैं । वर्तमान समय में ईरान तो चावल के बदले में पेट्रोल देने को तैयार है यह नीति विषयक है। वाणिज्य विषय में केवल पढ़ाई से नौकरी नहीं मिलेगी डिग्री से ज्यादा स्किल काम में आती है। ज्ञान जिज्ञासा पर आधारित तथा कॉन्सेप्ट तर्क के आधार पर ही बनते हैं। विद्यार्थी ऑनलाइन क्लासेस से बचें क्योंकि ऑनलाइन टीचिंग में यह पता नहीं चलता कि सामने बैठा विद्यार्थी किस आईक्यू लेवल का है। आधे घंटे का साक्षात्कार आपके पूरे जीवन का निर्धारण करता है अर्थात तैयारी इंटरव्यू की नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन के लिए करनी है। आपका मोबाइल पर स्क्रीन टाइम भले ही 5 घंटे से अधिक हो लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि उन पांच घंटे में आप क्या देख रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों में राशि जैन एवं अनुज मिश्रा में वाणिज्य विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ सरोज गुप्ता ने विद्यार्थियों को कहा की अध्ययन अध्यापन के साथ व्यवहारिक स्किल भी जरूरी है रोजगार प्राप्त करने के लिए आपको व्यावहारिक होना पड़ेगा। विद्यार्थियों को रोजगार के संबंध में अपना लक्ष्य निर्धारण करना होगा और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपना संपूर्ण देना होगा।



छात्रों की गूंज कार्यक्रम को सफल बनाने शहर कांग्रेस ने अपने संगठन के साथ झोंकी ताकत

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के निर्देशन पर आज शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लाक अध्यक्ष, सेवादल एवं कार्यकर्ताओं द्वारा इंदौर में आयोजित होने वाले न्याय योद्धा राहुल गांधी के ऐतिहासिक कार्यक्रम छात्रों की गूंज को सफल बनाने हेतु विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं से सघन संवाद किया गया एवं कार्यक्रम हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के निर्देशन पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, जितेंद्र चौधरी, जैद खान, नीलेश अहिरवार ने विश्वविद्यालय, आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज,शासकीय रविशंकर स्कूल में अमित राम जी दुबे, रामकुमार पचौरी ने एवं महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर किरण लता सोनी, नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव ज्योति मलैया, गर्ल्स डिग्री कॉलेज में तथा मोंटी यादव, प्रणव सिंह राजपूत ,चेतन कृष्ण पांडेय ,संदीप चौधरी, अर्चना कनौजिया, एडिना कॉलेज में सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, रवि जाटव, ने शासकीय जैन हाई स्कूल, देवी दीन हाई स्कूल, भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कॉलेज आदि अनेक नेता ,कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थान पहुंचकर छात्रों की गूंज की रजिस्ट्रेशन कराया अन्य शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर छात्रों को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। तथा लल्ला यादव, दीपक कुर्मी, नितिन पचौरी रोहन अहिरवार,संजू ठाकुर, रवि अहिरवार, वीरेंद्र अहिरवार ने भी अनेक स्थानों पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य किया इस अवसर पर विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

अधीक्षण अभियंता ने खुरई संभाग के कार्यालयों की ली समीक्षा बैठक

सागर।पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी सागर के अंतर्गत राजस्व वसूली हेतु संघन चैकिंग एवं वसूली अभियान चलाया जा रहा हैं। वकाया राशि वालों के कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काटे जा रहे हैं। साथ ही अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाये जाने पर पंचनामा बना कर विद्युत चोरी के तहत धारा 135 की न्यायालीन कार्यवाही की जा रही हैं। सागर क्षेत्र के मुख्य अभियंता एस.आर. येमदे के निर्देशानुसार अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर द्वारा वृत्त अंतर्गत पूरे जिले में संघन दौरे किये जा रहे हैं। उनके द्वारा खुरई संभाग अंतर्गत बांदरी, मालथौन, खिमलासा, खुरई ग्रामीण एवं शहर कार्यालयों का निरीक्षण किया गया तदोपरान्त कार्यपालन अभियंता सहित सभी सहायक अभियंता/ कनिष्ठ अभियंताओं की समीक्षा बैठक ली गई। इस दौरान बिजलेंश एवं ओएनएम के प्रकरणों में कनेशन विच्छेदन की कार्यवाही, एक लाख से ऊपर बकाया वालों के कनेक्शन काट कर डी.आर.ए. की कार्यवाही के निर्देश दिये।

जहरीली शराब कांड में मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

जहरीली शराब से उजड़े परिवारों में मातमः सिंटू कटारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शहर में लाखों दीयों की रोशनी के बीच उत्सव का माहौल है, लेकिन बंडा जहरीली शराब त्रासदी में अपनों को खो चुके परिवारों के घर आज भी मातम और अंधेरे में हैं। इसी पीड़ा को सामने रखते हुए शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व में तीनबत्ती पर बंडा जहरीली शराब कांड में मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

कटारे ने सरकारी खर्च पर हो रहे 'आशीर्वाद के दीये' कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर सरकारी मशीनरी और तमाम शासकीय कर्मचारियों को कार्यक्रम में लगाकर सरकारी धन खर्च किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जहरीली शराब से उजड़े परिवार न्याय के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में दीयों की रोशनी के बीच उन परिवारों के घरों का अंधेरा भी सरकार को देखना चाहिए, जिन्होंने इस त्रासदी में अपने अपनों को खोया है। कटारे ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता सरकारी संसाधनों के सहारे जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ बड़ी संख्या में लोग जहरीली शराब पीने के बाद मौत के मुंह में चले गए और कई पीड़ितों की आंखों की रोशनी तक प्रभावित हुई है, वहीं दूसरी ओर उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जिन परिवारों के चिराग बुझ गए, उनके घरों में न्याय और मदद का दीप कब जलेगा? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मृतकों का आंकड़ा भी सही तरीके से सामने नहीं रखा। कटारे ने कहा कि पूरे मामले में जिन लोगों पर आरोप लगे हैं, उनके राजनीतिक संबंधों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यदि किसी स्तर पर राजनीतिक संरक्षण या प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की जाए।

सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू ने कहा कि उत्सव मनाने पर कांग्रेस को आपत्ति नहीं है, लेकिन सरकार को उन परिवारों की पीड़ा भी देखनी चाहिए, जिन्होंने अपने बेटे, पति और पिता खोए हैं। जिन लोगों की आंखों की रोशनी और स्वास्थ्य पर असर पड़ा है, उनके इलाज और भविष्य की जिम्मेदारी सरकार सुनिश्चित करे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पकंज सिंघई कहा कि तीनबत्ती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा केवल मृतकों को श्रद्धांजलि देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने और उन्हें न्याय दिलाने की मांग को भी सामने रखती है। दीयों की रोशनी तभी सार्थक होगी, जब जहरीली शराब त्रासदी से उजड़े परिवारों को न्याय मिलेगा और उनके जीवन में फिर उम्मीद का दीप जलेगा।

शहर सेवादल अध्यक्ष के साथ सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू,पकंज सिंघई, जितेंद्र रोहण,अवधेश तोमर,यंग ब्रिगेड अध्यक्ष दीपक कुर्मी,नितिन पचौरी,संजय सहारा,कल्लू पटेल,लल्ला यादव, रीतेश गर्ग,परख शुक्ला, अंकुर यादव,अन्नू घोषी,अभिषेक सेन,संदीप तिवारी,रवि जैन,विशाल,श्री नामदेव आदि जन उपस्थित रहे।



एकेडमिक प्रोफीशिंयेंसी एवं नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

सागर। तकनीकी शिक्षा संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर एवं ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के संयुक्त तत्वावधान में एकेडमिक प्रोफीशिंयेंसी एवं नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम तथा योजना के तहत दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित प्रशिक्षण में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग वर्कशॉप से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों के उपयोग और कार्यशाला की व्यावहारिक गतिविधियों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में ज्ञान सागर कॉलेज के अब्दुल कादिर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। वहीं पॉलीटेक्निक के विभागाध्यक्ष एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. मयंक कुमार रुसिया ने समन्वय किया। प्राचार्य डॉ. आर.के. जैन ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण जरूरी है। ज्ञान सागर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. रितुल सराफ ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ना समय की जरूरत है। प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता, आत्मविश्वास और समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है।

पीड़ित ने की प्रधानमंत्री आवास, शौचालय और पेंशन का लाभ दिलाने की मांग

सरकारी योजनाओं के लाभ को तरसा जरूरतमंद, कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के दावों के बीच जिले के सुजारा निवासी प्यारे लाल अहिरवार ने प्रधानमंत्री आवास, शौचालय और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोतिय से गुहार लगाई है। हितग्राही का कहना है कि पात्रता होने के बावजूद वह लंबे समय से इन योजनाओं के लाभ से वंचित है। ग्राम सुजारा निवासी प्यारे लाल अहिरवार ने जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन देकर अपनी समस्या रखी है। उन्होंने बताया कि उन्हें रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास, घर में शौचालय तथा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि शासन द्वारा जरूरतमंद और पात्र लोगों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन संबंधित योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हितग्राही ने कलेक्टर श्रोत्रिय से मांग की है कि उसके आवेदन पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभाग से उसकी पात्रता की जांच कराई जाए। यदि जांच में वह योजनाओं के लिए पात्र पाया जाता है तो उसे नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास, शौचालय और पेंशन योजना का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य पात्र जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। इसी तरह शौचालय योजना के माध्यम से परिवारों को स्वच्छता से जुड़ी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के माध्यम से पात्र लोगों को आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। ऐसे में इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की शिकायत को लेकर अब हितग्राही ने सीधे जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। प्यारे लाल का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से उम्मीद लगाई है। उनका आग्रह है कि उनके आवेदन की वास्तविक स्थिति और संबंधित योजनाओं में पात्रता की जांच कराई जाए, ताकि यदि वह पात्र हैं तो उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मामला कलेक्टर के समक्ष पहुंचने के बाद अब संबंधित विभाग की जांच और प्रशासनिक कार्रवाई पर नजर है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि हितग्राही योजनाओं के लिए पात्र है या नहीं और यदि पात्र है तो अब तक लाभ नहीं मिलने के पीछे क्या कारण रहे हैं। हितग्राही ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पात्रता के अनुरूप योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा।

तीन आरोपी गिरफ्तार, विहिप ने की आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग

मवई में गणेश प्रतिमा फिर हुई स्थापित तनाव के बीच पुलिस बल तैनात



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

देहात थाना क्षेत्र के मवई गांव के कुम्हार मोहल्ले में गणेश उत्सव के दौरान प्रतिमा खंडित किए जाने की घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क है। घटना के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में भगवान गणेश की नई प्रतिमा की विधिवत पुनः स्थापना कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात मवई गांव के कुम्हार मोहल्ले में गणेश उत्सव के दौरान स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आई थी। प्रतिमा खंडित होने की जानकारी मिलते ही गांव में नाराजगी का माहौल बन गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला तथा गांव में पुलिस बल तैनात किया गया। घटना के संबंध में गणेश उत्सव आयोजन समिति के सदस्य अनिल अहिरवार की शिकायत पर देहात थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार देर रात तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रकाश अहिरवार, मनोज अहिरवार और भागचंद अहिरवार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीनों आरोपी सगे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रतिमा खंडित किए जाने के पीछे डीजे की आवाज कम करने को लेकर हुए विवाद की बात सामने आई है। हालांकि घटना के वास्तविक कारण, विवाद की परिस्थितियों तथा प्रतिमा को किस तरह क्षतिग्रस्त किया गया, इन सभी बिंदुओं पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस उपलब्ध साक्ष्यों और शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। इधर, घटना के बाद गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मवई गांव में भगवान गणेश की प्रतिमा पुनः स्थापित कराई। प्रतिमा स्थापना के दौरान पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। गांव में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रतिमा पुनः स्थापित होने के बाद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। गणेश उत्सव के दौरान प्रतिमा खंडित होने की घटना को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। वहीं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से गिरफ्तार किए गए आरोपियों का जिला मुख्यालय पर जुलूस निकालने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि धार्मिक आयोजन के दौरान प्रतिमा खंडित करने जैसी घटना को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और मामले में कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

अकीदत के रंग में रंगा पलेरा धूमधाम से निकली अब्दाल शाह बाबा की चादर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

अब्दाल शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के अवसर पर गुरुवार को पलेरा नगर में अकीदत और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। बाबा की दरगाह पर चादर पेश करने के लिए नगर से धूमधाम के साथ चादर निकाली गई। चादर में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के साथ सर्वधर्म प्रेमियों ने भी सहभागिता की और नगर की खुशहाली, अमन-चैन एवं तरक्की के लिए दुआ मांगी। चादर की शुरुआत पत्रकार सद्दाम राईन के निवास से हुई। यहां से चादर थाना तिगैला होते हुए बाबा की दरगाह की ओर रवाना हुई। चादर यात्रा में पत्रकार सद्दाम राईन, शरीफ राईन, फरीद राईन, वहीद राईन, अरबाज राईन, समीर राईन सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। समाजवादी पार्टी नेता रामकुमार यादव सहित अन्य लोगों की मौजूदगी ने आयोजन में सर्वधर्म सद्भाव और सामाजिक भाईचारे का संदेश दिया। चादर यात्रा के दौरान लोगों में बाबा के प्रति गहरी आस्था दिखाई दी। श्रद्धालु अकीदत के साथ चादर लेकर दरगाह पहुंचे और बाबा की मजार पर चादर पेश की। इस दौरान नगर की खुशहाली, सुख-शांति, अमन-चैन और तरक्की के साथ सभी लोगों के जीवन में समृद्धि की दुआ की गई। आयोजन में शामिल अकीदतमंदों ने कहा कि अब्दाल शाह बाबा का करम नगरवासियों पर हमेशा बना रहे और नगर में आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति कायम रहे। बाबा की दरगाह पर पहुंचकर लोगों ने अपने परिवार और नगर की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। अब्दाल शाह बाबा के उर्स को लेकर पलेरा सहित आसपास के क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं में उत्साह है। जतारा के पहाड़ पर शुक्रवार को अब्दाल शाह बाबा का उर्स आयोजित किया जा रहा है। उर्स के अवसर पर हर वर्ष यहां भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें क्षेत्र के अलावा दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और जायरीन पहुंचते हैं। उर्स और मेले में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बाबा की दरगाह पर जायरीन मत्था टेककर अपनी मनोकामनाओं के लिए दुआ करते हैं। वहीं मेले में परिवार सहित पहुंचने वाले लोग धार्मिक आस्था के साथ आयोजन का आनंद लेते हैं। पलेरा से निकली चादर यात्रा ने जहां बाबा के प्रति अकीदत को प्रदर्शित किया।

मांगी अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ, जतारा के पहाड़ पर सजेगा उर्स का मेला

टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित विद्यार्थियों व शिक्षकों जानकारी दी

ललितपुर। केपीएस डिग्री कॉलेज, ललितपुर में बुधवार को टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कंसल्टेंट डॉ. सैयद मोइन अख्तर, शिवराम सिंह एवं आदेश श्रीवास्तव ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को टीबी के प्रति जागरूक किया। वक्ताओं ने बताया कि टीबी एक उपचार योग्य बीमारी है। समय पर जांच और नियमित उपचार से टीबी से पूरी तरह स्वस्थ हुआ जा सकता है। उन्होंने टीबी के लक्षण दिखाई देने पर समय से जांच कराने तथा समाज में टीबी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना तथा टीबी उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में टीबी के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचाना और लोगों को समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना रहा।

अभिभाषक संघ चुनावः रुपनारायण बने निर्वाचन अधिकारी

जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से लिया निर्णय, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित निर्वाचन कराने की सौंपी जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला अभिभाषक संघ के आगामी निर्वाचन 2026 को लेकर चुनावी प्रक्रिया की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गुरुवार, 17 सितंबर को जिला अभिभाषक संघ की जनरल मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें निर्वाचन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता रुपनारायण तिवारी को सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया।

जनरल मीटिंग में जिला अभिभाषक संघ के आगामी निर्वाचन को लेकर आवश्यक प्रक्रिया और निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर अधिवक्ताओं के बीच विचार-विमर्श हुआ। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने निर्वाचन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता रुपनारायण तिवारी के नाम पर सर्वसम्मति व्यक्त की। इसके बाद उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया। संघ की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार 17 सितंबर को आयोजित जनरल मीटिंग विशेष रूप से निर्वाचन 2026 के संबंध में रखी गई थी। बैठक में निर्वाचन की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने तथा चुनाव से जुड़े दायित्वों के निर्वहन को लेकर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति किए जाने के बाद अब आगामी चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता रुपनारायण तिवारी को निर्वाचन अधिकारी बनाए जाने के बाद उन्हें संघ के निर्वाचन से संबंधित आवश्यक कार्यवाही संपादित कराने की जिम्मेदारी दी गई है। संघ की ओर से उम्मीद जताई गई कि निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं व्यवस्थाओं के अनुरूप संपन्न होगी। जनरल मीटिंग में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, सचिव दानवेन्द्र सिंह, सह सचिव मनीष यादव, कोषाध्यक्ष रविन्द्र बिरथरे , पुस्तकालय अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा (पटेरिया) सहित कार्यकारिणी सदस्य काशीराम अहिरवार, प्रसन्न राघव बरदिया, ज्योति यादव, राजीव खरे और सुमित कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक में निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति को लेकर अधिवक्ताओं की सर्वसम्मति के साथ आगामी निर्वाचन की तैयारियों को गति मिली है। अब निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव से संबंधित आगामी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

जमीनी विवाद में घर में घुसकर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला

पुराने कर्ज व जमीन की रजिस्ट्री को लेकर चल रहा था विवाद

टीकमगढ़। जमीनी विवाद और पुराने लेन-देन को लेकर शुरू हुआ विवाद उस समय हिंसक हो गया, जब घर में घुसकर एक व्यक्ति के साथ लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी के बट से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया। घटना थाना खरगापुर क्षेत्र के ग्राम गुना की बताई जा रही है। मारपीट में विजय खरे घायल हुए हैं। घायल ने गांव के ही जितेंद्र खरे, द्वारका, संतोष, सानू और शुभारंत खरे पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



घायल विजय खरे के अनुसार, जमीन और पुराने लेन-देन को लेकर उनके परिवार और दूसरे पक्ष के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा है। उनका आरोप है कि पूर्व में उनके पिता को करीब 50 हजार रुपये कर्ज के रूप में दिए गए थे। बाद में इसी लेन-देन के बीच कीमती जमीन की रजिस्ट्री संबंधित पक्ष के नाम कराए जाने की बात सामने आई। जमीन की रजिस्ट्री और पुराने पैसों के लेन-देन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बना हुआ था। विजय खरे का आरोप है कि इसी विवाद के चलते पांचों लोग उनके घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट करने के साथ ही कुल्हाड़ी के बट से भी हमला किया। मारपीट में विजय खरे को चोटें आईं, जिसके बाद उन्होंने पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए घटना की जानकारी दी और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद गांव में भी मामले को लेकर चर्चा बनी हुई है। विवाद की मूल वजह जमीन और पुराने आर्थिक लेन-देन को बताया जा रहा है। घायल पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद अब पुलिस जांच के आधार पर मामले की वास्तविक स्थिति सामने आने की उम्मीद है। फिलहाल मामले में घायल के आरोपों के आधार पर जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा शिकायत, मेडिकल रिपोर्ट, घटनाक्रम और दोनों पक्षों के बयान के आधार पर जांच की जाएगी।

किसान से कारीगर तक नवाचार करने वालों को मिलेगा सम्मान

ललितपुर। नया प्रयोग किया है,कोई उपयोगी उपकरण बनाया है या किसी काम को आसान बनाने का अनोखा तरीका खोजा है,तो यह हुनर अब जिले में पहचान बना सकता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद,लखनऊ के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब की ओर से अक्टूबर में जिला स्तरीय नवप्रवर्तन (इनोवेशन) प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के साथ किसान, मजदूर, शिल्पकार, मैकेनिक, कारीगर सहित असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तक प्रतिभाग कर सकते हैं। मानव कल्याण या किसी कार्य को सरल और सुविधाजनक बनाने वाली नई तकनीक, यंत्र, उपकरण, औषधि अथवा उपयोगी नवाचार प्रदर्शित किए जा सकेंगे। चयनित नवप्रवर्तन के पेटेंट कार्य के लिए 15,000 तक की सहायता दी जाएगी। उत्कृष्ट नवाचारों को 8,000, 5,000 और 3,000 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ 2,000 के पांच सांत्वना पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक नवप्रवर्तक 1 अक्टूबर से पहले आवेदन कर सकते हैं।

जिला अस्पताल व एमपीईबी में रक्तदान, तखा आंगनवाड़ी में बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य गतिविधियों की हुई समीक्षा

सेवा संकल्प अभियान में रक्तदान से लेकर पोषण तक हुई जनसेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को रक्तदान, स्वास्थ्य, पोषण और कर्मचारी सम्मान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला चिकित्सालय तथा एमपीईबी परिसर में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं, एनजीओ प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 32 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रमों के दौरान सेवा भावना के साथ समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद और जनकल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय की टीम एवं ईशानिका फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और अन्य लोगों ने आगे आकर रक्तदान किया। श्रम विभाग के सचिव रघुराज एम राजेंद्रन ने शिविर का निरीक्षण कर रक्तदाताओं से संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदान को जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आयोजन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों और संस्था के सदस्यों की सराहना की।

गतिविधियों की समीक्षा

सेवा संकल्प अभियान के तहत सचिव रघुराज एम राजेंद्रन ने तखा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पोषण माह के अंतर्गत केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली और बच्चों एवं महिलाओं के लिए संचालित पोषण तथा स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका से शिशुओं के लिए छह माह तक केवल स्तनपान कराने से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक महिलाओं को छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान कराने के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और विकास को सुनिश्चित किया जा सके। सचिव ने आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को फल, मिठाई और खिलौने वितरित किए। बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और केंद्र की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के बेहतर उपयोग, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराने तथा प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

विश्वकर्मा जयंती पर एमपीईबी परिसर में पूजा-अर्चना

भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रम विभाग के सचिव रघुराज एम राजेंद्रन ने एमपीईबी परिसर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सचिव राजेंद्रन का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के बेहतर कार्य और सेवाभाव को प्रोत्साहित करने से कार्यक्षमता के साथ-साथ जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत होती है।

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रमों के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर शुभ्रता त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. अमित चौधरी, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं ईशानिका फाउंडेशन की टीम मौजूद रही। जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र तिवारी, विकास यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संकल्प जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, डॉ. विकास जैन एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों में एक ओर जहां रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए सहयोग का संदेश दिया, वहीं आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत आगामी दिनों में भी जिले में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

भाजपा ने कहा कि बढ़ेंगी सुविधाएं, कांग्रेस बोली महंगी होगी पढ़ाई

श्योपुर के मेडिकल कॉलेज को निजी हाथों में सौपने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नागदा में बने श्योपुर के मेडिकल कॉलेज को अब ठेके पर (प्राइवेट कंपनी के हाथों में) सौपने की तैयारी शुरू हो गई है। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि मप्र सरकार ने श्योपुर के मेडिकल कॉलेज को पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) पर देने की तैयारी कर ली है। इसके लिए भोपाल स्तर से टेंडर निकाल दिए गए है। श्योपुर मेडिकल कॉलेज को निजी हाथों में सौपने के मामले में भाजपा का कहना है कि मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड दिए जाने से मेडिकल कॉलेजो में सुविधाएं बढेगी। वहीं कांग्रेस का कहना है कि जब मेडिकल कॉलेज का संचालन निजी हाथों में जाएगा तो कॉलेज में सुविधाए बढने के बजाए पढाई महंगी हो जाएगी। गरीब वर्ग के विद्यार्थियों का श्योपुर में डॉक्टरी की पढाई करने के सपने को साकार करना मुश्किल भरा हो जाएगा।

बता दें कि श्योपुर का मेडिकल कॉलेज केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत बना है और इस कॉलेज भवन के निर्माण पर शासन के करीब सवा तीन सौ करोड रूपए की राशि खर्च हुई है। जिसमें केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। बिल्डिंग बनाने के अलावा श्योपुर मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी उपलब्ध कराने में सरकार लाखो रूपए वेतन पर खर्च कर चुकी है। इसके साथही मशीने सहित अन्य कई जरूरी संसाधनों पर भी सरकार करोडो रूपए खर्च कर चुकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब श्योपुर मेडिकल कॉलेज निजी हाथो में पहुंच जाएगा,तब यहां सरकार द्वारा करोडो रूपए खर्च करके विकसित की गई सुविधाओ और संसाधानों का क्या होगा।



पिछले साल 100 सीटों के साथ शुरू हुआ श्योपुर कॉलेज का संचालन

जिले की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल श्योपुर के मेडिकल कॉलेज का संचालन पिछले सत्र में 100 सीटो के साथ शुरू हुआ था और पिछले साल 100 विद्यार्थियों ने श्योपुर कॉलेज में प्रवेश लेकर डॉक्टरी की पढाई शुरू करने का श्री गणेश किया था और इस साल दूसरा शिक्षण सत्र भी शुरू हो गया है और दूसरे शिक्षण सत्र के लिए श्योपुर कॉलेज में 90 के करीब प्रवेश हो गए है। जिन्हें मिलाकर श्योपुर मेडिकल कॉलेज में 190 के करीब विद्यार्थी दर्ज हो गए है।

श्योपुर के साथ ही मप्र के आठ अन्य कॉलेज भी शामिल

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की माने तो श्योपुर के साथही मप्र सरकार आठ अन्य मेडिकल कॉलेजो को भी पीपीपी मोड पर देने की तैयारी कर रही है। इनमें उज्जैन मेडिकल कॉलेज, नीमच मेडिकल कॉलेज, छतरपुर मेडिकल कॉलेज, देवास मेडिकल कॉलेज, बुधनी मेडिकल कॉलेज, सिंगरौली मेडिकल कॉलेज, मंडला मेडिकल कॉलेज, राजगढ़ मेडिकल कॉलेज शामिल है।

कॉलेज कैसे चलेगा,एडवाइजर करेगा तय

मप्र सरकार जिन मेडिकल कॉलेजो को निजी हाथों में सौपने की तैयारी कर रही है,उनके लिए पहले एक ट्रांजैक्शन एडवाइजर नियुक्त होगा। एडवाइजर तय करेगा कि इन संस्थानों को पीपीपी पर किस तरह चलाया जाए, कितना निवेश जरूरी, निजी पार्टनर व सरकार की जिम्मेदारियां क्या होंगी तथा निजी पार्टनर के चयन की शर्तें क्या रहेंगी। एडवाइजर को 75 दिन में बनाना होगा रोडमैप सलाहकार को 15 दिन में शुरुआती रिपोर्ट, 45 दिन में व्यावहारिकता रिपोर्ट और 75 दिन में बोली के दस्तावेज तैयार करने होंगे। तकनीकी मूल्यांकन व वित्तीय बोली के जरिए निजी भागीदार का चयन होगा और फिर अनुबंध किया जाएगा।

इनका कहनाक है...

श्योपुर मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड पर देने की तैयारी तो चल रही है, मगर यह तैयारी जिला स्तर से न होकर शासन स्तर से ही की जा रही है।

डॉ विपेन्द्र भदकारिया
डीन मेडिकल कॉलेज श्योपुर

सुविधाएं बढाने के लिए मप्र सरकार श्योपुर के मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के कुछ मेडिकल कॉलेजो को पीपीपी मोड पर देने जा रही है। पीपीटी मोड पर जाने के बाद अधिकृत कंपनी शासन की शर्तो पर मेडिकल कॉलेज का संचालन करेगी और सुविधाए बढाएगी, कॉलेजों पर निगरानी शासन की ही रहेगी।

शशांक भूषण
जिलाध्यक्ष भाजपा श्योपुर

भाजपा सरकार गरीबों का कल्याण करने के बजाए अपने चहेतों का कल्याण कर रही है। इसके लिए वह पर्दे के पीछे से कई तरह के हथकंडे अपना रही है। श्योपुर के मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मोड पर देना भी अपने चहेतो को लाभ पहुंचाने का एक नया हथकंडा है। कांग्रेस सरकारी मेडिकल कॉलेज को निजी हाथो में सौपने का विरोध करेगी,क्योंकि इससे मेडिकल कॉलेज में पढाई महंगी होना तय है।

मांगीलाल फौजी
जिलाध्यक्ष कांग्रेस श्योपुर

पांचाल समाज ने आयोजित किया मुख्य समारोह

श्रम दिवस के रूप में मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इंजीनियरों के देवता माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती सभी उपकरणीय कार्यालयों में श्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान मजदूरों और फैक्टरी मालिकों ने मिलकर औजारों कल्पुर्जों की तथा मशीनों की पूजा की और भगवान विश्वकर्मा से हमेशा कृपा बनाए रखने का आशीर्वाद मांगा। इस क्रम में भगवान विश्वकर्मा को अपना इष्ट देवता मानने वाले पांचाल समाज ने वार्ड क्रमांक 3 स्थित मंदिर पर मुख्य आयोजन किया।

देवताओं के शिल्पकार एवं सृजन के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा का पूजन दिवस गुरुवार, को पांचाल समाज द्वारा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर श्री मुरली मनोहर पांचाल लुहार समाज, छारबाग, श्योपुर में भगवान श्री विश्वकर्मा जी के पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पांचाल समाज के बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन किया गया तथा हवन में आहुतियां अर्पित कर समाज, परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।





श्री हरिओम ट्रांसफार्मर कंपनी में हुआ विश्वकर्मा पूजन

भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर साल की तरह इस साल भी श्री हरिओम ट्रांसफॉर्मर कंपनी में श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की और मशीनों को माला पहनकर वह धागा बांधकर पूजा। कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी और उनसे कंपनी पर हमेशा आशीर्वाद बनाए रखना की कामना की। इस दौरान कंपनी की ओर से सभी वर्कर्स के लिए भोज का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर समाजबंधुओं ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। पांचाल समाज के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए भगवान श्री विश्वकर्मा जी से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

युवाओं की रचनात्मकता, नवाचार और सकारात्मक सोच को मिला मंच

श्योपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में गुरूवार को क्रियेटिव श्योपुर अंतर्गत युवा है वायु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं, विद्यार्थियों, युवा उद्यमियों, अधिकारियों एवं स्थानीय कलाकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। क्रियेटिव श्योपुर अंतर्गत पाचवे चरण के आयोजित इस कार्यक्रम में नगरीय विकास आयुक्त संकेत भोडवे ने युवाओं एवं विद्यार्थियों को सफलता के पंच सूत्र बतायें, उन्होंने कहा कि विजन होना चाहिए कि करना क्या है, फिर उसके प्रति संकल्प लेकर मेहनत करें। जीवन में रचनात्मकता बहुत जरूरी है, इसके लिए स्वयं पर विश्वास करें तथा लगनशीलता के साथ आगे बढे, माता-पिता और गुरूजनों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की यह अभिनव पहल सराहनीय है, जिसमें युवाओं को मार्गदर्शन के लिए मंच प्रदान किया गया है। कलेक्टर शीला दाहिमा ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य है, युवा ही वायु है, जिस प्रकार वायु में गतिशीलता एवं निरंतरता होती है उसी प्रकार युवाओं में भी ये गुण होने चाहिए और देश के विकास एवं प्रगति में योगदान देने के लिए सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज और जिले के विकास में करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डीएफओ आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल एवं सहायक संचालक उद्योग शुभम अग्निहोत्री द्वारा भी प्रेरणादायी उद्बोधन दिये गये। कार्यक्रम में एसडीएम गगन मीणा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनोज सर्राफ, प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, डॉ सीमा चौकसे, डॉ परवीन वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा उद्यमी रविन्द्र मीणा द्वारा रेडिमेड व्यवसाय में स्वयं के ब्रांड की स्थापना, अकरम खान द्वारा काष्ठ कला और निशा खान द्वारा लाख शिल्प व्यवसाय के संबंध में जानकारी देते हुए अपने आगे बढने के प्रेरणादायी अनुभव शेयर किये गये। इसके साथ ही नम्रता चौहान, आयुषी भदौरिया, रविन्द्र मीणा, हेमंत धाकड द्वारा प्रेरणादायी कोटेशन पर अपने विचार व्यक्त किये गये। शुभारंभ अतिथियों के आगमन के पश्चात पौधारोपण से हुआ। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स द्वारा सलामी दी गई तथा प्रवेश द्वार पर अतिथियों का कुमकुम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ लोकेंद्र सिंह जाट द्वारा किया गया। युवा है वायु कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ परवीन वर्मा ने उपस्थिति अथितियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किये। शुभम भदौरिया द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ सुभाषचंद डॉ रमेश भारद्वाज, अरविंद दोहरे, डॉ अजीत सिंह, डॉ महेश कुशवाह, डॉ योगेश बाथम, डॉ भूपेंद्र हरदेनिया, डॉ राहुल सैनी, डॉ संगीता शाक्य, डॉ उर्मिला बाथम, डॉ ज्योत्स्ना मेघवाल, डॉ शालू दुबे, डॉ गनबाई डाबर की सक्रिय भागीदारी रही।



छिमछिमा हनुमान मंदिर के लिए 80 लाख की राशि स्वीकृत

श्योपुर। मध्यप्रदेश शासन धर्मस्व विभाग द्वारा विजयपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर के निर्माण के लिए 80 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दी गई इस सौगात को मंदिर से जुडे सभी श्रद्धालुओं एवं विजयपुर क्षेत्र के नागरिकों के लिए उनकी भावनाओं के अनुरूप बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी के प्रति कृतज्ञता एवं आभार जताते हुए कहा कि प्रदत्त की गई राशि से छिमछिमा हुनमान मंदिर का भव्य निर्माण होगा। यह इस क्षेत्र के लोगों की आस्था का केन्द्र है।

भगवान विट्ठल की सजाई आकर्षक झांकी, देखने के लिए उमड़ा जन सैलाब



श्योपुर। गणेश चतुर्थी के दिन से ही जगह-जगह लगाए गए भगवान श्री गणेश के दरबारों नें गणेश मंडलों मंडलो की और से रोजाना धार्मिक व साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस क्रम में दरबारों में रोजाना झांकियां सजाई जा रही है। जिला मुख्यालय पर मुख्य झांकी का आयोजन टोड़ी गणेश मंदिर पर किया जा रहा है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। बुधवार की रात भगवान विट्ठल की आकर्षक झांकी से सजाई गई उधर बड़ौदा में भी जगह-जगह झांकी सजाने के समाचार मिले हैं। टोडी गणेश नवयुवक मंडल द्वारा बुधवार की रात भगवान विट्ठल की आकर्षक झांकी सजाई गई इस झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पंडाल के पास उमड़ गई हालांकि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सेवकों ने श्रद्धालुओं के आने जाने दर्शन करने के लिए अच्छी व्यवस्था की थी जिससे लोगों के भीड़ नियंत्रित की जाती रही। एक तरफ से लोग आ रहे थे दूसरी तरफ से उन्हें निकाला जा रहा था पर झांकी को देखने के लिए लोगों की भीड़ आधी रात तक जरूर डटी रही। ज्ञात हो कि भगवान विट्ठल (जिन्हें पांडुरंग या विठोबा भी कहा जाता है) महाराष्ट्र के पंढरपुर के सबसे प्रसिद्ध और आराध्य देवता हैं।

एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का भव्यता के साथ किया शुभारंभ

21 हजार दीपों से जगमग हुआ सीप नदी का भुवनेश्वर घाट पीएम मोदी के जन्मोत्सव पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित







हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुरुवार को शहर के वार्ड नं 23 के भुवनेश्वर महादेव मंदिर (पंडित घाट) पर उस समय अलौकिक नजारा देखने को मिला जब लोगों ने 21 हजार दीपक एक साथ रोशन किए। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा समर्पण अभियान का हिस्सा था। इस दौरान महिलाओ ने सीप नदी में दीपदान भी किए। इस अवसर पर जिला अस्पताल श्योपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए जिसमें सेवा संकल्पित भावना से पहुंचे लोगों ने रक्तदान किया।

अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत ₹आर्शीवाद का दीया₹ रोशन किया गया जिसके तहत सबसे बड़ा आयोजन सीप नदी के भुवनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण (पंडित घाट) पर शाम 07 बजे आयोजित किया गया। जहां 21 हजार दीप प्रज्जवलित किये गए। नगरपालिका परिषद के सहयोग से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में भागीदारी करने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नगर निकाए विभाग आयुक्त संकेत भोडवे मौजूद रहे। इसके साथ ही सीप नदी के सोहन घाट, जति घाट, गिर्राज घाट तथा संत रविदास चौक घाट पर भी दीप प्रज्जवलन के बडे कार्यक्रम आयोजित किये गए।

यहां हुआ दीप प्रज्जवलन

इस दौरान जिले के सभी प्रमुख स्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्जवलन किया गया और एतिहासिक तथा शासकीय भवनों पर रोशनी की गई। इस दौरान रामेश्वर त्रिवेणी धाम, कूनो नेशनल पार्क के टिकटोली गेट, श्योपुर एवं विजयपुर के किले, मानपुर तथा ढोढर की गढी, आवदा डैम, चन्द्रसागर तालाब बडौदा, जयस्तभ, गुलम्बर, बंजारा डैम, नव निर्मित वीरपुर रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भी दीप प्रज्जवलन के कार्यक्रम आयोजित हुए।

मोदी को खून देने में श्योपुर के कार्यकर्ता आगे विजयपुर पीछे

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल श्योपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हालांकि यह आयोजन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से था लेकिन शिविर को पूरी तरह भाजपा कार्यकर्त्ता न सिर्फ हेंडल करते दिखे बल्कि उनमें बढ़ चढ़कर रक्तदान करने का उत्साह भी देखने को मिला। इस सोच में श्योपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजयपुर के कार्यकर्ताओं को पछाड दिया श्योपुर में जहां 41 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया वहीं विजयपुर में यह संख्या महज 30 यूनिट तक सिमट कर रह गई। रक्तदान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिक सहभागी बने।



मस्जिद दरगाहों पर भी हुई रोशनी

आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तहत सिर्फ मंदिर और सरकारी बिल्डिंगों पर ही दीप प्रचलितनहीं हुए बल्कि मजार और मस्जिदों पर भी रोशनी की गई। मध्य प्रदेश वक्फबोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) डॉ सनवर पटेल के निर्देश पर सभी वक्फ कमेटीयों नें वक्फ संस्थानों पर रोशनी की ओर आशीर्वाद का दिया भी रोशन किया। इस क्रम में अंजुमन कमेटी के सदर अकरम खान ने जामा मस्जिद सब्जी मंडी के ऑफिस और ईदगाह पर रोशनी करवाई और दिया जलाया वही वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी ने जमातखाना पर रोशनी करवाई। इस क्रम में ग्राम मठेपुरा स्थित मजार मिठे शाह दरगाह पर भी रौशनी की गई। वक्फ कमेटी सदर आरिफ बेग नें आशीर्वाद का दिया रोशन किया।



नपा भवन का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

नगरी निकाय विभाग आयुक्त नए नगर पालिका निर्माणाधीन भवन का अवलोकन करने भी पहुंचे उनके स्थल पर पहुंचने से पहले ठेकेदार ने तैयारी पूरी कर ली थी। आनन-फानन में भवन के बाहर मुख्य गेट की ओर प्लास्टर कराकर उसे पट्टी से पोत भी दिया गया था लेकिन आयुक्त ने इसके बावजूद धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार से पूछा कि वह कितने मजदूर लगाकर काम कर रहे हैं तो ठेकेदार ने बताया कि आज 37 मजदूर काम के लिए लगाए गए हैं तब आयुक्त ने कहा कि इतने बड़े भवन के लिए सिर्फ 37 लेबर बेहद कम है इसमें कम से कम 200 लोगों को काम पर लगाया जाए और मशीनें अलग से लगाई जाए तब जाकर जल्द काम निपटेगा। आयुक्त ने कहा कि जिस तरह काम की धीमी प्रगति चल रही है उससे तो काम को अभी 2 साल और लग जाएंगे। उन्होंने सीएमओ का निर्देश दिए कि विगत 2 महीने में न सिर्फ नगर पालिका भवन का निर्माण कार्य पूरा हो जाना चाहिए बल्कि उसे उद्घाटन स्तर पर पहुंचा दिया जाए। इस दौरान उन्होंने नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग से भी अनुरोध किया कि वह भी समय समय पर काम का स्थल निरीक्षण करें और जल्द व गुणवत्ता युक्त काम पूरा कराए। नपाध्यक्ष गर्ग ने उन्हें बताया कि नगर पालिका में इंजीनियर की कमी है इसलिए भी कामों में देरी हो रही है। नपाध्यक्ष नें बताया कि परिषद नें शासन से दो इंजीनियरों की मांग की थी लेकिन एक ही मिला है एक और दिलवा दिया जाए इस पर आयुक्त ने कहा कि आप शासन की ओर मुंह ताकना बंद करें आप खुद विज्ञप्ति निकाल कर आउटसोर्स पर इंजीनियर की भर्ती कर ले ये अधिकार परिषद को है।

ऑपरेटर बने आयुक्त, खुद चलाया कम्प्यूटर

नगर निकाए विभाग आयुक्त संकेत भोडवे शहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सरकार की ओर से नोडल अधिकारी बनकर आए थे। जिन्होंने सभी कार्यक्रमों में से सहभागिता की और उसके साथ ही नगर पालिका द्वारा किए जा रहे कामों की समीक्षा भी मौके पर पहुंच कर ली उन्होंने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी ली इस दौरान वे कर्मचारियों की बातों से संतुष्ट नहीं दिखे तो उन्होंने खुद कंप्यूटर को खोलकर ऑनलाइन की गई योजनाओं की प्रगति जानी। उन्होंने कर्मचारियों को सर्विस बुक अपडेशन कार्य को देखते हुए स्थापना शाखा के काम से संतुष्टि के साथ ही इसे और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कामों के समीक्षा की, जहां उन्हें बताया गया कि सभी हितग्राहियों के खातों में भोपाल से सीधे राशि डाल दी गई है पहले खातों में अलग आधार या मोबाइल नंबर होने से पैसे लेने में हितग्राहियों को परेशानी आती थी लेकिन अब अपडेशन कर दिया है किसी को परेशानी नहीं आएगी।

खबर संक्षेप

रोहन प्रीत का यूरोप यूनिवर्सिटी में चयन हुआ



अशोकनगर। यूरोप की यूनिवर्सिटी में रोहनप्रीत पुत्र विक्रमजीत सिंह संधु का चयन एमबीबीएस के लिए हुआ है। मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ प्लोवदीव बुल्गारिया (यूरोप) में योग्यता के आधार पर चयन हुआ है। इस चयन को लेकर उन्हें उनके उत्कृष्ट और उपलब्धिपूर्ण जीवन के लिए शहर के गणमान्य नागरिको, विधायक हरिवाबू राय, पूर्व विधायक जजपालसिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, लायंस अध्यक्ष विकास रघुवंशी रोटेरियन रोशन कोली, जिला वुशू संघ अध्यक्ष दया सिंह संधु कृषि उपकरणों के निर्माता रंजीत सिंह संधु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव आदि ने उन्हे बधाईंया दी हैं।

स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में 11 वे आयुर्वेद दिवस 2026 के अवसर पर निर्धारित गतिविधियों के आयोजन के क्रम मे बुधवार को आयुष विभाग अशोक नगर द्वारा जिला जेल अशोक नगर में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष चिकित्सकों द्वारा 42 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया।

10 नवजात शिशुओं के बनाए गए आधार कार्ड

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन में गुरूवार को चन्देरी के सरकारी अस्पताल में 10 नवजात शिशुओं के आधार बनाए गए। साथ ही पोस्ट ऑफिस की समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगऊखेडी निवासी भगवत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवकुमार रघुवंशी ने सरकारी हेडपंप के पास उसे अश्लील गालियां दी और उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काछी बरखेडा निवासी जितेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू, सचिन और रविन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनकपुर खिरिया निवासी लालाराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगभान लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मृतक का शव रेल पटरियों पर मिला

अशोकनगर। स्थानीय माता मंदिर के समीप रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिला है जिसकी पहचान, सोनू पुत्र उधम अहिरवार उम्र 34 वर्ष के रूप में की गई है। मृतक की गर्दन के ऊपर का हिस्सा पूरी तरह से कट गया था, हाथ पैर भी कटे हुए अवस्था में मिले। सोनू अहिरवार माता मंदिर के पास का रहने वाला था,मृतक शंकरपुर मगरदा निवासी नितिन जैन के यहां पर काम करता था, जहां उससे विवाद हो गया था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच कर रही है।

दुग्ध व दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर नमूने लिए

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा रैपिड टेस्ट किट के माध्यम से जिले एवं तहसीलों में लगातार दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की जांच मौके पर ही की जा रही है। रैपिड टेस्ट किट से तुरंत ही मौके पर दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों में यदि कोई केमिकल जैसे हाइड्रोजन परॉक्साइड, यूरिया,सॉल्ट, ग्लूकोज, माल्टोडेक्सट्रिन की मिलावट की गयी हो तो उसकी जांच हो जाती है। यद्यपि जिले में अभी तक केमिकल युक्त दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद पाये जाना नही पाया गया है।

टोरिया चक्क की खबर प्रकाशित होने के बाद चेता विभाग, तीन दिन में मांगी जानकारी

जर्जर और भवन विहीन शालाओं की तस्वीर बदलने की कवायद शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुंगावली विकासखंड में जीर्ण-शीर्ण, जर्जर एवं भवन विहीन शालाओं की तस्वीर जल्द ही बदली जा सकती है। लप्तौरा के टोरिया चक्क में भवन विहीन शाला में विद्यार्थियों के पेड़ के नीचे पढ़ने की खबर प्रकाशित होने के बाद बुधवार को मुंगावली एसडीएम बृजबिहारी श्रीवास्तव ने सख्त निर्देश दिए हैं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा इस मुद्दे को उठाने के बाद राज्य स्तर से हुए एक्शन पर बुधवार को एक के बाद एक कई पत्र जारी हुए, जिनमें तीन दिन के अंदर मुंगावली विकासखंड के सभी जर्जर, जीर्ण-शीर्ण एवं भवन विहीन विद्यालयों की जानकारी मांगी गई है। पत्रों में कहा गया है कि अधिकारियों के भ्रमण के दौरान कई शाला परिसरों में जर्जर और जीर्ण-शीर्ण संरचनाएं मिली हैं, जबकि इस संबंध में पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि उपयंत्री से भौतिक सत्यापन कराकर ध्वस्तीकरण या रिपेयरिंग का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाए। अब निर्देश दिए गए हैं कि 3 दिवस के भीतर विकासखंड की समस्त प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में स्थित जीर्ण-शीर्ण जर्जर संरचनाओं को सूचीबद्ध कर प्रत्येक के लिए स्पश्ट टीप के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। वहीं बीआरसीसी कार्यालय ने इस पत्र के क्रम में सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि यह जानकारी गुरुवार दोपहर 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

13 चिन्हित थे, 4 निर्माणाधीन, 9 का बजट अटका- बताया गया है कि दो वर्ष पहले विकासखंड शिक्षा केन्द्र द्वारा कुल 13 विद्यालय भवन गिरने योग्य चिन्हित किए थे। जिनके भवन तो गिरा दिए गए लेकिन नवीन भवनों की स्वीकृति सभी को नहीं मिली। सबसे पहले 30-30 लाख रुपए से घाट बमुरिया, बाबरौद, नरखेड़ा एवं सेमरखेड़ी के स्कूल भवनों की स्वीकृति मिली, जो कि निर्माणाधीन हैं। इन्हे एमपी पुलिस हाउसिंग बोर्ड बना रहा है। अन्य नौ में टोरिया चक्क, मलउखेड़ी, जनकपुर खिरिया, झागर, आंक्सी, भेड़का, मथाना, खैरखाड़ी एवं चाचूखेड़ा के नाम हैं। इनमें से जिन शालाओं में 30 तक बच्चे हैं, उन्हे 10 लाख रुपए एवं 50 तक बच्चों वाली शाला के लिए 18 लाख रुपए भवन निर्माण हेतु स्वीकृत किए गए हैं। हालांकि, इन भवनों को शाला प्रबंधन समिति बनाएगी या ग्राम पंचायत यह अभी तक तय नहीं हुआ है। इनका बजट भी अब तक प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद अटका हुआ है।

आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन या ग्राम पंचायत भवन में संचालन के निर्देश

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी किए गए एक पत्र में उल्लेख है कि जो शालाएं भवन विहीन हैं, या जिनके भवनों से जनहानि की आशंका हैं, उन्हे तत्काल खाली करें। इन शालाओं का संचालन नवीन भवन बन जाने तक समीपस्थ आंगनवाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत भवन में किया जाए। इसके साथ ही उल्लेख है कि इस तरह के शासकीय भवनों की उपलब्धता न होने तक इन शालाओं को नजदीकी शाला में मर्ज किया जाए।

छात्र छात्राओं ने विधि-विधान से की बप्पा की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय जीवाजी पब्लिक स्कूल में गणेशोत्सव का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। सुंदर फूलों और विशेष सजावट से सजे बप्पा के दरबार में सभी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित संतोष शास्त्री द्वारा विधि-विधान से कराए गए पूजन के साथ हुई। उन्होंने मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश का पूजन कराया और उपस्थित सभी छात्रों व स्टाफ को त्योहार का धार्मिक महत्व समझाया। इसके बाद सभी ने मिलकर बप्पा की महाआरती की। इस दौरान स्कूल के छात्र अपनी निर्धारित यूनिफॉर्म में पूरी तरह अनुशासित और भक्तिभाव में डूबे नजर आए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य कृति शर्मा ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। उन्होंने बच्चों को भगवान गणेश के जीवन से बुद्धि, विवेक और अनुशासन की सीख लेने के लिए प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने मिलकर सामूहिक आरती कर सबके उज्जवल भविष्य के लिए बप्पा से प्रार्थना की। इस अवसर पर स्कूल का पूरा स्टाफ और सभी छात्र मौजूद रहे, जिससे पूरा माहौल गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



किराना दुकान में राशन सामग्री प्रदाय होती मिली

करैया राय में कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किए जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिलीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बुधवार को भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत करैया राय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी केन्द्र में आंगनवाडी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गई। कार्यालय में पंजी अनुसार 03-06 वर्ष की आयु के 23 बच्चे दर्ज है परन्तु मात्र 5 बच्चे उपस्थित पाये गये। आंगनवाडी केन्द्र में 0-3 वर्ष के बच्चे के टीकाकरण, गर्भवती धात्री माताओं का टीकाकरण एवं आयुष्मान से संबंधित पंजी संधारित नही पाई गई। आंगनवाडी में भोजन, दलिया आदि गुणबत्तापूर्ण बांटने के निर्देश दिये तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता,आंगनवाडी सहायिका एवं सेक्टर सुपरवाईजर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने एवं अवकाश पर गये कर्मचारियों की जानकारी प्रत्येक दिवस दिये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने शासकीय विद्यालय करैया राय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय निर्माण कार्य प्रगतिरत पाया गया तथा निर्माणाधीन शौचालय हेतु उपयोग की जाने वाली सामग्री एक कमरे में पाई गई। माध्यमिक विद्यालय के पास संचालित गुटखा तंबाकू की दुकान को तत्काल हटवाया गया। समस्त स्कूलों में सभी विषयों की निरंतर पढाई कराने तथा जर्जर भवनों को गिराये जाने की कार्यवाही करने एवं निर्माणाधीन शौचालयों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने स्कूल बच्चों को मध्यान्ह भोजन सही एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन वितरण किये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संचालन संबंधी कोई दस्तावेज पंजी इत्यादि नहीं पाई गई एवं निरीक्षण पंजी नहीं पाई गई। गौशाला में पशु चिकित्सक को नियमित गौशाला का भी भ्रमण किया गया।

राजस्व की तकनीकी चूक की भेंट चढ़ा कटरा बाजार

80 वर्षीय बुजुर्ग को थाने ले गया प्रशासन, जेसीबी से खुलवाया मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

शाढ़ौरा के कटरा बाजार में बस स्टैंड से बाजार को जोड़ने वाले आम रास्ते पर मुरम डालकर बंद करने का मामला दोपहर में प्रशासनिक ड्रामे के बाद अस्थायी रूप से सुलझ गया। 80 वर्षीय बुजुर्ग सुखलाल लोधी द्वारा रास्ते पर मुरम डालकर कब्जा करने के बाद तहसीलदार और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। समझाइश के बाद भी जब बुजुर्ग अपनी बात पर अड़े रहे, तो प्रशासन उन्हें थाने ले गया और जेसीबी की मदद से सड़क से मुरम हटवाकर आवागमन बहाल कराया गया।

बुजुर्ग ने कहा सीमांकन दुरुस्त करो या लापरवाहों पर कार्यवाही हो- कार्रवाई के दौरान 80 वर्षीय सुखलाल लोधी ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन के सामने सवाल खड़े किए। उनका स्पष्ट कहना था कि जब राजस्व अमले ने विधिवत नापजोख कर यह भूमि उन्हें सौंपी है, तो वे अपनी जमीन से रास्ता क्यों दें? बुजुर्ग ने मांग रखी कि प्रशासन या तो उनका सीमांकन दुरुस्त कर उन्हें वास्तविक रकबा उपलब्ध कराए, या फिर आम रास्ते पर गलत सीमांकन करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करे।

डिजिटल और हाथ के नक्शे का फेर दक्षिण-पूर्व दिशा में खिसका नक्शा- इस पूरे विवाद की जड़ में शाढ़ौरा राजस्व विभाग की तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। सीमांकन को लेकर यहां पहले भी कई विवाद खड़े होते रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, ऑनलाइन डिजिटल नक्शे और परंपरागत हाथ से बने बंदोबस्ती नक्शे में बड़ा अंतर है। दोनों नक्शों का सही मिलान (ग्राउंड ट्रूथिंग) नहीं हो पाया है, जिसके चलते ऑनलाइन नक्शा दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर खिसका (शिफ्ट) हुआ नजर आता है।

गणेश पूजन और झंडा पूजन के साथ हुआ रामलीला रिहर्सल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज में झंडा पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत भगवान गणेश का पूजन व झंडा पूजन किया गया। समिति के संरक्षक ओम प्रकाश चौधरी एवं अध्यक्ष राव यादवेंद्र सिंह व उपाध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा भगवान गणेश का पूजन कर झंडा पूजन किया गया, इसके बाद रामलीला मंच पर विधिवत झंडा लगाया गया। इसके साथ ही रामलीला की रिहार्सल का शुभारंभ किया गया। श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल के सचिव रजनीश सिंघई ने बताया कि आने वाली 6 अक्टूबर से लगभग 80 वर्षों से चली आ रही रामलीला का शुभारंभ होगा जो की दशहरे तक चलेगी जिसमें विभिन्न पात्रों द्वारा शानदार अभिनय देखने को मिलेगा। कलाकार प्रतिदिन रामलीला मंच पर आकर रिहर्सल कर रहे हैं अपने-अपने अभिनय को बारीकीयों से सीखते हैं। इस अवसर पर लीला निर्देशक निक्की सिंघई सह निर्देशक सत्येंद्र रघुवंशी रामकुमार शर्मा चौधरी अर्जुन सिंह संगीत डायरेक्टर कैलाश श्रीवास्तव कथा वाचक चंद्र मोहन मिश्रा, मनोज जैन, भानु चौधरी, राज नारायण शर्मा, शिवकुमार शर्मा, वीर सिंह जाट,अलोक शर्मा, निखिल सोनी सतीश शर्मा, बृजेश शर्मा सहित सभी कलाकार उपस्थित थे।

युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन एवं कार्यक्रम के नोडल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। इस संबंध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जन विश्वास अभियान अंतर्गत सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय एवं प्राचार्या शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ के सहयोग से 23 सितंबर को शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ जिला अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जाता है।

विधिक ज्ञान एवं दक्षता संवर्धन कार्यशाला का किया गया आयोजन

अशोकनगर। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय यशपालसिंह यादव ने बताया कि संचालक मप्र लोक अभियोजन संचालनालय के निर्देशन में नवीन आपराधिक काननों के अंतर्गत अभियोजन एवं अनुसंधान विषय पर एक दिवसीय विधिक ज्ञान एवं दक्षता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अति.पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में एसडीओपी विवेक शर्मा, एसडीओ वन विभाग नरेन्द्र कुमार चौहान, साइबर सेल उप निरीक्षक मसीह खान, जिला अभियोजन अधिकारी, सहायक निदेशक अभियोजन संजीव श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ एडीपीओ नरेन्द्र कुमार गोडिया ने नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में अभियोजन एवं अनुसंधान विषय अपने अनुभव एवं अनुसंधान प्रक्रिया संबंधी ज्ञान को साझा किया।

महिला कांग्रेस ने इंदिरा पार्क पर स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के स्मारक इंदिरा पार्क पर उपस्थित संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उत्साह पूर्वक मनाया। जिला अध्यक्ष डॉ सीमा सुराणा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की स्थापना,15 सितंबर 1984 को बेंगलुरु में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान हुई, जिसमें महिला कांग्रेस को एक स्वतंत्र फ्रंटल संगठन के रूप में स्थापित किया गया। इसके मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, न्याय, समानता और राजनीति में समान अवसर, प्राप्त करना। 15 सितंबर को प्रतिवर्ष देश भर में संगठन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और सदस्यता अभियान चलाए जाते हैं। इस अवसर पर, जिला अध्यक्ष सीमा सुराणा के साथ क्षेत्रीय विधायक माया हरी बाबू राय, पार्षद बहन किरण कुशवाहा, विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय रानी नामदेव, सविता प्रजापति, सावित्री लोधी, पूजा विश्वकर्मा, कमलेश यादव, सुनीता जैन आदि उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विधायक हरीबाबू राय ने सभी महिला कार्यकर्ताओं को महिला कांग्रेस स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

---

25 सितंबर तक होंगे आयोजन, 27-28 को निकलेगा चल समारोह

जैन समाज के महापर्व पर्युषण की भक्ति भाव से शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगम्बर जैन समाज के 10 दिवसीय महा पर्व पर्युषण की आज से शुरूआत हो गई है। यह पर्व 25 सितंबर तक चलेगा, 27 और 28 सितंबर को भगवान की रजत रथ यात्रा और विमानोत्सव का चल समारोह निकाला जाएगा। शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है, पूजा, भक्ति आदि के आयोजन किये जा रहे हैं, इस बार जैन समाज को यह पर्व मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में मनाने का मौका मिला है।

दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कांसल और महामंत्री राकेश जैन अमरोद ने बताया कि इस महापर्व के मौके पर शहर के प्रत्येक जिनालय में सुबह 6 बजे से अभिषेक, शांतिधारा और सामुहिक पूजन के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसके संयोजक युवा वर्ग और आदि विद्या भक्तावंर मंडल है, सुबह 9 बजे मुनिश्री के मगंल प्रवचन हो रहे है, 10 बजे आहार चर्या और दोपहर 2.30 बजे तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया जा रहा है। शाम 7 बजे 48 दीपकों के साथ भक्तांबर जी का पाठ एवं आरती का आयोजन हो रहा है। रात 8.15 बजे डॉ. अशोक जैन बनारस के प्रवचन हो रहे हैं, रात्रि 9.15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रात्रि में 18 सितंबर को धर्म की अदालत का आयोजन, महिला जैन मिलन पाश्र्व द्वारा, 19 सितंबर को जोड़ी अनोखी का आयोजन विर्मश जागृति महिला मंच, 20 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम शांति महिला मंडल,22 सितंबर को भक्ति नृत्य प्रतियोगिता महिला महासमिति, 23 सितंबर को प्राकृत की गूंज जिनागम की सुगंध, शांतिनाथ डिजिटल पाठशाला के द्वारा तथा 24 सितंबर को संगीतमय तंबोला अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा किया जाएगा।

इसके अलावा दोपहर में अष्ट द्रव्य सजाओं प्रतियोगिता महिला जैन मिलन, 18 सितंबर को शास्त्र सजाओं प्रतियोगिता युवा महिला परिषद,20 सितंबर को मेंहदी एवं रंगौली प्रतियोगिता महिला महा समिति, 22 सितंबर को पालना सजाओ प्रतियोगिता महिला परिषद, 23 सितंबर को आरती सजाओं प्रतियोगिता वामादेवी महिला मंडल और 24 सिंतबर को लाडू सजाओ प्रतियोगिता बहू बेटी संगठन द्वारा आयोजित किए जाएगें। 21 सितंबर को दोपहर 2 बजे गंज मंदिर से धूप दशमी चल समारोह निकाला जाएगा, 25 सिंतबर को दोपहर 3 बजे गांव मंदिर जी में श्रीजी का कलशाभिषेक का आयोजन किया जाएगा तथा 26 सितंबर को क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा।

दो दिवसीय चल समारोह के अंतर्गत 27 सितंबर को गांव मंदिर जी से भगवान की भव्य शोभा यात्रा सुबह 10 बजे प्रारम्भ होगी जो शाम 4 बजे सुभाषगंज जैन मंदिर पर पहुंचेगी, जहां श्रीजी का कलशाभिषेक और मुनिश्री के मंगल प्रवचन होगें। शाम 5 बजे अग्रवाल पैलेस में समन्वय गुरप द्वारा वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया है, रात्रि 9 बजे रूपेश जैन भजन गायक द्वारा भजनों की प्रस्तुति प्रदान की जाएगी। 28 सितंबर को सुभाष जैन मंदिर से भगवान की शोभा यात्रा सुबह 10 बजे प्रारम्भ होगी जो विभिन्न मार्गों से होते हुए गांव मंदिर जी पर वापिस पहुचेगी।

परिशिष्ट B - संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
तेहिस्वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया सॉहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

एमजेसी/284/2026
प्रेमवाइ बनाम बनवारी लाल
NEXT DATE: 07-10-2026

प्रेषिती-
डी के श्रीवास्तव
आइ एस श्रीवास्तव
पता - एफ-2 तहातीपुर ग्वालियर म.प्र.

यह कि प्रार्थी प्रेमवाइ ने आपके विरूद्ध एमजेसी/284/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 22-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
राहुल सिंह यादव
तेहिस्वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड

टिप्पणी
कृपया ध्यान दें :-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।